# शैलेन्द्र कुमार सिंह

आई.ए.एस.

**जिलाधिकारी**
**मुरादाबाद**



## शुभकामना संदेश

यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद इस वर्ष अपने प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन करने जा रही है।

मैं इस अवसर पर श्रीमती गीतांजली पांडेय (गीता), अध्यक्ष, 'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की' (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद एवं उक्त सामाजिक संस्था से जुड़े समस्त पदाधिकारीगण को जिला प्रशासन मुरादाबाद की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ।

मुझे आशा है कि यह स्मारिका अपने उद्देश्यों को फलीभूत करने में सफल रहेगी।

**(शैलेन्द्र कुमार सिंह)**

# हेमराज मीना

आई.पी.एस.

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**जनपद मुरादाबाद**



# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हुआ कि **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद जनवरी 10, 2023 को अपने प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन करने जा रही है।

इस संस्था द्वारा जरूरतमन्दों की मदद के लिए कार्य कराये जा रहे हैं। इसमें निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के अलावा निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई केन्द्र और गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए ट्यूशन सेंटर के संचालन में भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। संस्था द्वारा किये गये सार्थक प्रयासों की मैं भूरि–भूरि सराहना करता हूँ।

मैं, इस अवसर पर श्रीमती गीताजली पांडेय (गीता), अध्यक्ष, **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद एवं उक्त सामाजिक संस्था से जुड़े समस्त पदाधिकारीगण को मुरादाबाद पुलिस की ओर से उत्साहवर्धन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ। मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि यह स्मारिका अपने उददेश्यों को फलीभूत करने में सफल रहेगी। मैं इसकी सफलता की कामना करता हूँ।

भवदीय,
**(हेमराज मीना)**

# आलोक कुमार वर्मा

**अपर जिलाधिकारी (नगर)**
**मुरादाबाद।**



# शुभकामना संदेश

यह जानकर मुझे खुशी हो रही है कि **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद द्वारा शहरों के जरूरतमंदों की मदद के लिए कार्य कराए गए हैं। जिसमें निर्धन बेटियों की शादी के अलावा निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई केंद्र और गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए ट्यूशन सेन्टर का संचालन शामिल है।

पर्यावरण की दिशा में भी उक्त ट्रस्ट में कई कार्य किये गये हैं। ट्रस्ट के द्वारा 10 जनवरी 2023 को अपना प्रथम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, जिसके अवसर पर में ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती गीतांजली पाण्डेय जी को शुभकामनाएँ प्रषित करता हूँ एवं **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद से जुड़े सभी सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

**(आलोक कुमार वर्मा)**

# अखिलेश भदौरिया

**पुलिस अधीक्षक नगर**
**मुरादाबाद**



## शुभकामना संदेश

यह हर्ष का विषय है कि **'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद अपने प्रथम स्थापना दिवस के समारोह का आयोजन करेगा। इस ट्रस्ट के द्वारा राजकीय सहायता के बिना जरूरतमंदों की मदद के दृष्टिगत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी, निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई केन्द्र और गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिये ट्यूशन सेंटर का संचालन भी किया जा रहा है।

मैं, इस ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर एवं आपकी टीम क सदस्यों को शुभकामनायें एवं बधाई देता हूँ तथा ट्रस्ट के स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

**भवदीय,**
**(अखिलेश भदौरिया)**

# अध्यक्षीय उद्‌बोधन



## गीतांजली पाण्डेय
अध्यक्ष

'कभी न भूलो जब तुम आए, जगत हंसा तुम रोए।
जिओ की जाते समय, सिर्फ तुम हंसो और जग रोए'।।


**'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'** (चैरिटेबल ट्रस्ट), मुरादाबाद इसका पूरा उद्देश्य ऊपर कविता कि इन चार लाइनों में छिपा हुआ है। इस ट्रस्ट का उद्देश्य पूरी तरह से सेवा भाव है। सेवा सिर्फ मनुष्यों के लिए नहीं अपितु जानवरों के लिए भी यह ट्रस्ट पूरी तरह से समर्पित होकर काम करता है। हम हर उस व्यक्ति तक पहुँचना चाहते हैं जिसे थोड़ी सी भी मदद की आवश्यकता होती है। हम उन गरीब बच्चियों के लिए कुछ करना चाहते हैं जो आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। ऐसी बच्चियों के लिए हमारा सिलाई कढ़ाई ट्रेनिंग स्कूल है जिसमें हम उन्हें ना सिर्फ प्रशिक्षित करते हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का पूरा इंतजाम करके देते हैं।

ऐसे बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं जो आर्थिक अभाव की वजह से पढ़ नहीं पाते। ऐसे बच्चों की मदद करते हैं जो इस समाज में माता–पिता के ना होने की वजह से अकेलेपन का सामना कर रहे हैं। ऐसे बुजुर्गों के लिए काम करते हैं जिनका परिवार होने के बावजूद वो वृद्धाश्रम में जीवन गुजारने पर मजबूर हैं। पर्यावरण के लिए काम करते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में काम करते हैं।

**संस्था का उद्देश्य :** गरीब जरूरतमंदों की मदद करना, ट्रस्ट के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान निकालना, गरीब, अनाथ और पढ़ने में रुचि रखने वाले बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी कराना, आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों को रोजगार दिलाने की दिशा में प्रयास करना, पर्यावरण के क्षेत्र में काम करना, खेल में रुचि रखने वाले गरीब बच्चों को खेलकूद में बढ़ावा देने का प्रयास करना, चिकित्सा के क्षेत्र में अपना योगदान देना। इस तरह के तमाम सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करना ही संस्था का उद्देश्य है।

**संस्था की अपील :** सभी जनमानस से हम अपील करना चाहते हैं कि हमारे आस पास बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें हमारे मदद की आवश्यकता है। हमारी छोटी–छोटी कोशिशों से हमारे आसपास के कई लोगों की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकल सकता है। अपने–अपने दिलों में इंसानियत को जिंदा रखने का प्रयास ही मानव जीवन को सार्थक बनाता है। मैं सभी जनमानस से अपील करना चाहती हूँ कि आप इस संस्था के साथ जुड़े और अपनी कमाई का एक बड़ा ही सूक्ष्म सा हिस्सा देकर जरूरतमंदों की मदद करने में अपना योगदान दें। मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने की दिशा में किया गया प्रयास ही समाज सेवा कहलाता है।

# शुभकामना संदेश



## राजेश रस्तोगी

**संयोजक, महानगर मुरादाबाद भाजपा, आर्थिक प्रकोष्ठ**
**चेयरमैन, एल्डी ग्रुप ऑफ कम्पनीज़**

***हम वही बनते हैं जो हमारे विचार हमें बनाते हैं, इसलिए ध्यान रखे की आप क्या सोचते हैं। विचार ही हैं जो दूर तक जाते हैं। –स्वामी विवेकानंद***

प्रिय साथियों,

**"आओ हाथ बढ़ाएं – एक पहल मदद की"** (चैरिटेबल ट्रस्ट) के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनकी अभिभावकता पर बधाई देता हूँ। संस्था द्वारा पूर्व में सफलतापूर्वक कई भव्य आयोजन कराये गए हैं। जिसके द्वारा संस्था ने अपनी नेतृत्व क्षमता का अनावरण भी किया है। संस्था भविष्य में भी निरंतर समाज के शोषित एवं पिछड़े हुए अतिनिर्धन व्यक्तियों की सेवा में अपना महती योगदान देती रहे, ऐसी कामना करता हूँ। आगामी 10 जनवरी को संस्था के प्रथम स्थापना दिवस पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाये। मुझे यकीन है कि इन आयोजनों की यादें हमारे मन में वर्षों तक रहेंगी।

***संस्था द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों का एक छोटा सा विवरण निम्नानुसार है :***

1. गरीब बच्चों को दिवाली पर उपहार वितरण।
2. 11 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह।
3. लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा शिविर।
4. नि:शुल्क सिलाई–कढ़ाई केन्द्र की स्थापना।
5. गरीब बच्चों के पाठ्यक्रमों के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर।
6. वृक्षारोपण कार्यक्रम।
7. जरूरतमंदों को भोजन एवं दवा वितरण।
8. जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण।
9. गरीबों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच।

मैं एक बार फिर से संस्था को बहुत–बहुत बधाई देता हूँ और ईश्वर से कामना करता हूँ कि आगे भी संस्था ऐसे ही लोक कल्याण के कार्यों की ओर अग्रसर रहे।

धन्यवाद।

सेवा पथ में आपके साथ....

**राजेश कुमार रस्तोगी**

# शुभकामना संदेश



## करन वीर सिंह

टैम्पटेशन स्वीट्स

सेवा भाव प्रत्येक मनुष्य के हृदय में होना आवश्यक है। क्योंकि यही सेवा भाव आपको संतुष्टि प्रदान करता है और समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करता है।

इसी सामाजिक सेवा क्रम में **'आओ हाथ बढ़ाएं – एक पहल मदद की' (चैरिटेबल ट्रस्ट)** के संरक्षक के रूप में, ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस (10 जनवरी) हेतु अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। साथ ही साथ मैं ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई सेंटर, निशुल्क ट्यूशन सेंटर और किए गए अन्य सामाजिक कार्यों की सराहना करता हूँ।

ट्रस्ट से जुड़े सभी सम्मानित सहयोगियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपना साधुवाद प्रेषित करता हूँ एवं संस्था इसी प्रकार समाज के प्रति सेवा भाव से कार्य करती रहे, ऐसी प्रभु से मंगल कामना करता हूँ।

धन्यवाद।

**आपका ही....**

**करन वीर सिंह**

# शुभकामना संदेश



## मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी

**अध्यक्ष**

गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब

यह जानकर मुझे खुशी हो रही है ***'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'*** चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 10 जनवरी 2023 को प्रथम स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्र द्वारा एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। ट्रस्ट भविष्य का राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। गरीब बेटियों की शादी करा रहा है। निर्धन बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र का भी संचालन कर रहा है। पर्यावरण को लेकर भी सजग है और जागरूकता की पहल कर रहा है। निर्धन लोगों और जरूरतमंदों के इलाज के साथ ही अन्य मदद भी दे रहा है।


ट्रस्ट के प्रति समाज के दबे कुचले लोगों का विश्वास बढ़ा है। यह और अच्छी बात है। मदद पाकर जरूरतमंद आगे बढ़ रहे हैं। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पाण्डेय और अन्य सभी सदस्यों व ट्रस्टियों को उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। इस इस पुनीत कार्य में ईश्वर आपकी मदद करें। आपको इतनी शक्ति दें कि आप लोग इस कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें।

धन्यवाद।

सादर,

**मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी**

# संस्था के विशेष सहयोगी



श्री तेजवीर सिंह भदौरिया
कानपुर
**संरक्षक**


श्री आलोक कुमार वर्मा
अपर जिलाधिकारी (नगर), मुरादाबाद
**संरक्षक**


श्री करन सिंह
मै० टैम्पटेशन
**संरक्षक**


श्री राजेश रस्तोगी
चैयरमेन, एल्डी ग्रुप ऑफ कम्पनीज़
**संरक्षक**


श्री के.के. मिश्रा
डॉयरेक्टर,
केडीआरसी


श्री मनोज आहूजा
मैनेजिंग डायरेक्टर
आहूजा ग्रुप



श्री संजीव जैन
मै० कृष्णा इम्पैक्स


श्री राकेश खन्ना
मै० ब्रासेक्स इण्डिया


श्री राजन अग्रवाल
मै० राजन ओवरसीज़



डॉ० पल्लव अग्रवाल
नेत्र रोग विशेषज्ञ


डॉ० एस.के. गुप्ता
आकाँक्षा नर्सिंग होम


श्री विकास विंदल
मै० बिंदल्स



श्री मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी
अध्यक्ष,
गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब


श्री संजय कुमार पाण्डेय
चीफ रिपोर्ट,
हिंदुस्तान – कानपुर


श्रीमति जबवीर सिंह चड्डा
चड्डा ग्रुप


श्री गोविंद एवं मंजू गुप्ता
विशेष सहयोगी

# संस्था के विशेष सहयोगी



**श्री बॉबी उप्पल**
मै० इण्डिया टैन्ट हाऊस



**श्री राजेश भारतीय**
मै० ग्रेस फर्नीचर



**श्री अजय नारंग**
मै० सैल्फइमेज




**श्री मनोज कुमार**
मै० आर.के.कैटरर्स



**श्री पंकज सक्सेना**
समाजसेवी



**श्री नलिन गुप्ता**
एक्सपोर्टर



**श्री ए.के. गुप्ता**
मै० गुप्ता प्रिंटिंग प्रेस



**डॉ० दीपक मेंहदीरत्ता**
कृषि वैज्ञानिक



**श्री वाई.के. गोयल**
अधिशासी अभियंता,
आवास विकास



**श्री अमित अग्रवाल**
समाजसेवी



**श्रीमति रशिम दुग्गल**
इनरव्हील क्लब

श्रेष्ठ होना कोई कार्य नही बल्कि यह हमारी एक आदत है
जिसे हम बार बार करते है !

– अरस्तु

# सम्मानित सदस्य



**श्रीमति गीताजंली पाण्डेय**
अध्यक्ष



**श्री राघव रस्तोगी**
उपाध्यक्ष



**श्री गोपाल हरि गुप्ता**
महासचिव



**श्री प्रतीक निझावन**
सदस्य



**श्रीमति नीता सक्सैना**
सदस्य



**श्री सोतेन्द्र गुर्जर**
सदस्य




**श्रीमति सुदेशना धारीवाल**
सदस्य



**श्री संजय मणि त्रिपाठी**
सदस्य



**श्री मोहित खुराना**
सदस्य



**श्री शुभंम सुन्द्रियाल**
सदस्य



**श्री गुरप्रीत सिंह**
सदस्य



**श्रीमति पिंकी सपरा**
सदस्य



**श्री प्रभाकर मणि त्रिपाठी**
सदस्य



**श्री संजय मणि त्रिपाठी**
सदस्य



**श्री मनोज साहनी**
सदस्य



**श्री सैयय्द फरहत**
सदस्य

# सम्मानित सदस्य



**श्री अनिल मोहन तिवारी**
एडवोकेट
हाई कोर्ट लखनऊ



**श्रीमति मीनाक्षी शर्मा**
सदस्य




**श्रीमति लता शर्मा**
सदस्य



**श्री विशाल शर्मा**
सदस्य



**श्री हिमाँशु रस्तोगी**
सदस्य



**श्री विभु रस्तौगी**
सदस्य



**श्रीमति शोभा रानी**
सदस्य



**डॉ० जी. कुमार**
सदस्य



**श्री अभिनव अग्रवाल**
सदस्य



**श्री नागेंद्र त्रिपाठी**
सदस्य



**श्री महेंद्र मणि त्रिपाठी**
सदस्य



**डॉ. सतवीर सिंह**
सदस्य



**श्रीमति अनीता सिंह**
सदस्य



**डॉ० आशुतोष अग्रवाल**
सदस्य



**श्रीमति रितु भदौरिया**
सदस्य



**श्रीमति अनामिका सिंह**
सदस्य

# सम्मानित सदस्य


श्री अंकुर अग्रवाल
सदस्य


शाजिया फरहत हाशमी
सदस्य


श्रीमति मंजू गुप्ता
सदस्य


श्री टेकचंद्र शर्मा
सदस्य


जया शर्मा
सदस्य


श्री किशोर मौर्य
सदस्य


श्री के.के. तिवारी
सदस्य


श्री विवेक चौधरी
सदस्य


श्रीमति रेनू शर्मा
सदस्य


श्री रंजीत सिंह
सदस्य


श्री विजय शर्मा
सदस्य


श्री सुमित सैनी
सदस्य

उस मनुष्य की ताकत का कोई मुकाबला नहीं कर सकता
जिसके पास सब्र की ताकत है!
– महात्मा गांधीजी





संजय पांडेय
चीफ रिपोर्टर, हिंदुस्तान कानपुर

# अब मुरादाबाद शहर को आउटर रिंग रोड की जरूरत

अब मुरादाबाद शहर को जाम से पूरी तरह मुक्ति के लिए आउटर रिंग रोड की जरूरत है। इसके बिना काम नहीं चलने वाला। लखनऊ के बाद कानपुर में आउटर रिंग रोड के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। भविष्य का शहर संवारना है तो तो मुरादाबाद को भी इसकी दरकार है।

आइए, जानते हैं अपने शहर के बारे में अगर हम अपने इस शहर की बात करें वर्ष 1625 में इसका गठन हुआ। तब इसका नाम था मुराद बख्श। यह शहर 3741 वर्ग किलोमीटर (1444 वर्ग मील) में बसा हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी से यह 167 किलोमीटर (104 मील) दूर है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से इसकी दूरी 344 किलोमीटर की है। वर्ष 1901 में इस जिले की आबादी 8,54,603 थी। वर्ष 2011 की जनगणना में आबादी 47.20 लाख तक पहुँच चुकी थी। इसमें 2 से 3 लाख का और इजाफा होने का अनुमान है। आबादी 2.27 प्रतिशत की रफ्तार से हर साल बढ़ रही है। पूरे जिले की बात न करें और सिर्फ शहर की आबादी पर गौर करें तो भी आबादी 1300 वर्ग किलोमीटर में लगातार हर वर्ष लगभग 3 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है। अगर नगर निगम की सीमा की बात करें तो 75 वर्ग किलोमीटर का शहर है। वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक 8.87 लाख लोग निवास करते थे।




अब अनुमान है कि यह संख्या 14 से 15 लाख के बीच होगी। नगर निगम के वार्डों की संख्या 70 है। शहर की साक्षरता दर 68.75 है। मगर जिले की साक्षरता दर 48 प्रतिशत ही है। आखिर क्यों चाहिए रिंग रोड हकीकत यह है कि अभी बरेली और लखनऊ की तरफ जाने वाला ट्रैफिक दिल्ली और रामपुर से मुरादाबाद बा पास होकर गुजर जाता है। मगर काँठ रोड होते हुए बिजनौर, हरिद्वार या देहरादून जाना हो तो हर हाल में वाहनों को पाकबड़ा से दिल्ली रोड और फव्वारा चौक होते हुए ही काँठ रोड की तरफ मुड़ना पड़ता है। वैसे तो सोनकपुर पुल बनकर तैयार है मगर यह भी बड़ा विकल्प नहीं है। इसी तरह कटघर इलाके की तरफ से से जिन वाहनों को हरिद्वार जाना है उन्हें भी इंपीरियल चौराहा होते हुए फव्वारा चौक



तक आना पड़ता है। यहीं से वह हरिद्वार की तरफ मुड़ते हैं। इस वजह से पूरे दिन ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। फव्वारा चौक से हनुमान चौराहे के बीच जाम की समस्या से सभी को जूझना पड़ता है। कोई और विकल्प ही नहल है। अलीगढ़ रूट के लिए भी बड़ा विकल्प अभी सामने नहल है। ऐसे में रिंग रोड का प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए।

### फिलहाल चाहिए एलीवेटेड रोड

फौरन जाम से मुक्ति के लिए एलीवेटेड रोड की जरूरत है। फव्वारा चौक से इंपीरियल चौराहा होते हुए कटघर चौराहे तक मेन रोड के ऊपर से एलीवेटेड रोड बन जाए तो बाहर से आने वाले वाहनों की वजह से जाम न लगे। मुरादाबाद के मास्टर प्लान में इसका प्रावधान किया गया था मगर अभी तक अमल नहीं हुआ। अब इस मुद्दे पर उच्चाधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है।

### मुरादाबाद के इतिहास को थोड़ा और जानिए

मुगल बादशाह शाहजहां के अधीन कटेहर के गवर्नर रुस्तम खान द्वारा स्थापित मुरादाबाद का नाम सम्राट के सबसे छोटे बेटे राजकुमार मुराद बख्श के नाम पर रखा गया है। इसकी स्थापना के तुरंत बाद शहर ने संभल को कटेहर के राज्यपाल की सीट के रूप में बदल दिया। मुरादाबाद को बाद में 1740 में अली मोहम्मद खान द्वारा रोहेलखंड राज्य में मिला लिया गया था। प्रथम रोहिल्ला युद्ध में रोहिलों के पतन के बाद 1774 में यह शहर अवध राज्य के नियंत्रण में आ गया था और फिर नवाब द्वारा




ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिया गया था। उन्नीसवीं शताब्दी की शुरुआत में 1801 में रोहेलखंड क्षेत्र को रामपुर राज्य और दो जिलों–बरेली और मुरादाबाद में विभाजित किया गया था। मुरादाबाद को मुख्यालय बनाया गया था। 1872 में बनी थी पहली रेलवे लाइन मुरादाबाद उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के दौरान रेलवे लाइनों से जुड़ा था। मुरादाबाद को चंदौसी से जोड़ने वाली एक लाइन 1872 में बनाई गई थी। इसे 1873 में बरेली तक जारी रखा गया था। रामपुर होते हुए बरेली–मुरादाबाद लाइन का काम 1894 में पूरा किया गया था। इसे 1886 में सहारनपुर तक बढ़ा दिया गया था। चंदौसी के रास्ते अलीगढ़ की एक शाखा लाइन वर्ष 1894 में खोली गई थी। मुरादाबाद को 1900 में गाजियाबाद से जोड़ा गया था। मुरादाबाद उत्तर रेलवे का मंडल मुख्यालय है। अपने प्रसिद्ध पीतल हस्तशिल्प उद्योग के लिए शहर को पीतल नगरी (पीतल का शहर) के रूप में जाना जाता है।

◆◆◆

# ट्रस्ट द्वारा किये गये कार्यों की संक्षिप्त आख्या



गीतांजली पाण्डेय, अध्यक्ष

***कोरोना काल की महामारी और विपत्तियों से गुजरते हुए लोगों को देखकर उनकी मदद करने के लिए मैंने सितंबर में एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। जितने भी सदस्य उस वक्त इस ग्रुप से जुड़े उन सब से हर महीने यथासंभव मदद करने की अपील की। उससे इकट्ठे हुए पैसों से हमने लोगों की मदद करने का फैसला किया। किसी ने रु० 50 दिए तो किसी ने रु० 500 दिए। उससे जो महीने में एक धनराशि इकट्ठी होती थी हम उससे किसी जरूरतमंद की मदद करने में लगाते थे। इस ग्रुप से जुड़े हर सदस्य में इस बात को लेकर उत्साह था कि वह किसी जरूरतमंद की मदद करने का जरिया बनने जा रहे हैं।***

### 1. बीमारी से पीड़ित की मदद

सबसे पहली मदद हमने लखनऊ में रह रहे एक ऐसे परिवार की कि जिनके घर में बुजुर्ग माता–पिता के अलावा दो बच्चे और वह दो पति पत्नी थे। दोनों बच्चों में उनकी बेटी जिसकी उम्र 13 साल की थी वो विल्सन नाम की एक ऐसी बीमारी से जूझ रही थी। जिसके चलते उसका दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। पिता की सैलरी मात्र रु० 10,000 महीना थी। मां किसी स्कूल में पढ़ाती थी लेकिन बेटी का दिमागी संतुलन बिगड़ जाने की वजह से उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी। उस बच्ची की दवाइयां बहुत महंगी आ रही थी। एक शीशी का दाम लगभग रु० 19,000.00 के आसपास था। हमारे ही ट्रस्ट के एक सदस्य जो कि लखनऊ में हाई कोर्ट में वकील हैं श्री अनिल मोहन तिवारी जी। एक दिन अचानक उस बच्ची के परिवार से टकराये और बातचीत करने पर पता चला कि वह परिवार उस बच्ची के इलाज को उठा पाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने यह बात हमें बताई। हम लोगों ने बहुत छोटी छोटी धनराशि इकट्ठी करके रु० 23,554.00 की पहली मदद उस बच्ची के लिए भिजवाई। ईश्वर की कृपा से आज वह बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है।

### 2. बच्चों की शैक्षिक जिम्मेदारी

अक्टूबर महीने में 3 बच्चे (जिनकी मां का देहांत हार्ट अटैक से हो गया और पिता 24 घंटे शराब के नशे में चूर रहता है) की जिम्मेदारी ट्रस्ट ने उठाई। उनका दाखिला एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कराया और उनकी कॉपी, किताब, फीस, कपड़े सब चीज की जिम्मेदारी ट्रस्ट पिछले 2 सालों से उठा रहा है। समय–समय पर ट्रस्ट द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। तीज त्यौहार पर हम उनके खाने–पीने और कपड़ों का भी ध्यान रखते हैं।

### 3. बिटिया के विवाह का संकल्प

13 दिसंबर 2021 को एक गरीब बिटिया की शादी कराने का संकल्प ट्रस्ट ने उठाया और उसकी शादी में हर जरूरत की चीज का ध्यान रखा। ट्रस्ट द्वारा सफलता पूर्वक उस बेटी की शादी संपन्न कराई गई।

### 4. गर्म कपड़ों का वितरण

26 दिसंबर 2021 को एक शिविर लगाकर लगभग करीब 55 गरीब परिवारों का चयन करके उन्हें गर्म कपड़े और कंबल देकर उनकी सहायता करने का प्रयास ट्रस्ट द्वारा किया गया। ट्रस्ट द्वारा कराए गए इस इवेंट में एडीएम सिटी श्री आलोक कुमार वर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ साथ एसपी सिटी श्री अखिलेश भदोरिया जी और डॉ0 पल्लव अग्रवाल जी भी मौजूद रहे।

### 5. वृद्धाश्रम में सेवा

1 जनवरी 2022 को ट्रस्ट के सदस्यों ने बुद्धि विहार फेज 2 स्थित वैदिक वानप्रस्थ वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों में शॉल और मिठाई बांटकर नववर्ष मनाया।

### 6. युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

8 जनवरी 2022 को ट्रस्ट द्वारा गरीब और बेसहारा लड़कियों के लिए निशुल्क सिलाई कढ़ाई सेंटर एवं ब्यूटीशियन केंद्र खोला गया। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी लड़कियों को प्रमाण पत्र के साथ–साथ सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे सिलाई सीख चुकी लड़कियां अपने जीविकोपार्जन का माध्यम जुटा

सकें।

### 7. मकर संक्रान्ति कार्यक्रम

14 जनवरी 2022 को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा खिचड़ी वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 14 सौ से 16 सौ लोगों ने खिचड़ी ग्रहण करके ट्रस्ट के सदस्यों की मेहनत को सार्थक बनाया। इस शिविर का आयोजन लाइनपार में किया गया था।

### 8. कोरोना योद्धा के रूप में

फरवरी माह में कोरिना को ध्यान में रखते हुए निशुल्क कोरोना की जांच के लिए ट्रस्ट द्वारा सरकारी जांच करने वाली टीम की सहायता से लगभग 50 लोगों की निशुल्क कारोना की जांच कराई गई।

### 9. वृद्ध दंपत्ति की सहायता

7 फरवरी 2022 को ट्रस्ट के माध्यम से बुद्धि विहार स्थित वैदिक वानप्रस्थ आश्रम में रह रहे बुजुर्ग दंपत्ति की दवाइयों का इंतजाम ट्रस्ट द्वारा कराया गया। वो दोनों दिल के मरीज थे।

### 10. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

23 फरवरी 2022 को मछरिया स्थित आद्या एजुकेशनल अकैडमी में ट्रस्ट द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया। जिसमें कुल 6 चिकित्सक मौजूद रहे। इसमें नेत्र सर्जन, डेंटिस्ट, फिजिशियन और दो आयुर्वेद के डॉक्टर की सहायता से इस शिविर में लगभग 200 लोगों को लाभ मिला।

### 11. जीव सहायता : गौरैया दिवस

20 मार्च 2022 को विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर पक्षियों के लिए घोसले और उनके पानी पीने के लिए मिट्टी के बर्तन बनवाकर लोगों में बांटे गए। और उन्हें इस बात के लिए भी जागरूक किया कि वह अपने–अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम रखें।

### 12. पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प

22 अप्रैल 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ मिलकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, भूगर्भ जल संरक्षण, ऑर्गेनिक चीजें उगाने और उनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट द्वारा पॉलिथीन को इस्तेमाल में ना लाने पर जोर दिया गया। और साथ ही साथ लगभग 400 कपड़ों के झोले ट्रस्ट की तरफ से बनवाकर लोगों में बांटे गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक डॉ0 दीपक मेंदीरत्ता और विशिष्ट अतिथि श्री अभिनव अग्रवाल जी रहे।

### 13. चिकित्सीय सहायता

मई माह में ट्रस्ट द्वारा मुरादाबाद निवासी एक 11 वर्षीय बच्चे के (जो कि सर गंगा राम हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर था) ईलाज के लिए ट्रस्ट द्वारा रु० 35,000.00 राशि का सहयोग प्रदान किया गया।

### 14. जरूरतमंद की सहायता

मई माह में हमारे ट्रस्ट के सदस्य श्री अभिनव अग्रवाल जी के परिचित जो वर्तमान समय में पंजाब में परिवार के साथ रह रही हैं। उनके पति का आकस्मिक निधन हो जाने की वजह से वह आर्थिक तंगी का सामना कर रही थी। ट्रस्ट द्वारा उन्हें रु० 10,000.00 की मदद पहुंचाई गई।

### 15. बिटिया के विवाह का संकल्प

मई माह में संत कबीर नगर जिले के मेहदूपार गांव की एक ऐसी लड़की बिटिया के विवाह का संकल्प लिया, जिसके माता–पिता का स्वर्गवास हो चुका है और भाई जन्म से ही अंधे हैं। इस बिटिया के विवाह में ट्रस्ट द्वारा रु० 51,000.00 के साथ–साथ कुछ जरूरत की चीजें भी प्रदान की गई।

### 16. विश्व पर्यावरण दिवस : पौधा रोपण

5 जून को ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्य ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा संपन्न किया गया। जिनमें पीपल, बरगद, नीम, आंवला, आम और जामुन के पौधे लगाए गए।

### 17. योग दिवस

21 जून को योग दिवस के अवसर पर सहजयोग के सदस्यों के साथ मिलकर एक योग कैंप का आयोजन ट्रस्ट द्वारा कराया गया।

### 18. अस्वस्थ की सहायता

जुलाई माह में राम मनोहर लखनऊ लॉ नेशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली एक द्वितीय वर्ष की छात्रा जिसके पिता कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे उन्हें रु०

10,000.00 की आर्थिक मदद ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई।

### 19. सिलाई–कढ़ाई केंद्र

25 जुलाई 2022 को ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई सेंटर से सिलाई सीख चुकी लड़कियों को ट्रस्ट द्वारा प्रमाण पत्र के साथ–साथ सिलाई मशीन भी वितरित की गई। इन 11 कन्याओं को आत्मनिर्भर बनाने का यह ट्रस्ट द्वारा किया गया एक प्रयास था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के महापौर श्री विनोद अग्रवाल जी, अपर जिलाधिकारी श्री आलोक वर्मा जी, भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती प्रिया अग्रवाल जी मौजूद रहे।

### 20. आर्थिक मदद

28 अगस्त को पास के गांव गोपालपुर में एक व्यक्ति की तालाब में डूबने की वजह से मौत हो गई थी। उनका परिवार बहुत ही गरीब एवं जरूरतमंद था। इसलिए ट्रस्ट द्वारा उसके परिवार को 1 महीने के राशन का इंतजाम कराने के साथ–साथ प्रशासन के साथ सहयोग लेकर उसे 1 महीने के अंदर अंदर रु० 5,00,000.00 की सरकारी मदद पहुंचाई गई।

### 21. दिपावली उत्सव

ट्रस्ट द्वारा दिवाली के उपलक्ष्य में 25 ऐसे परिवारों का चयन किया गया जो बहुत ही गरीब और असहाय वर्ग के थे। उन्हें ट्रस्ट के माध्यम से एक पैकेट बनाकर दिया गया। जिसमें दिवाली पर इस्तेमाल में लिए जाने वाले सभी सामानों को ध्यान में रखते हुए यह पैकेट तैयार कराया गया था। उन 25 परिवारों को यह पैकेट देकर उनके दिवाली को भी खुशियों की रोशनी से भरने का प्रयास किया गया।

### 22. वैवाहिक संस्कार

25 नवंबर को ट्रस्ट द्वारा 11 आर्थिक रूप से गरीब परिवार की लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया गया। यह आयोजन बहुत ही भव्य रूप में आयोजित किया गया। इसमें कन्याओं को दिए जाने वाले जरूरत की चीजों में डबल बेड, अलमारी, बर्तन, पंखा, फर्नीचर, जेवर, कपड़े, मिक्सर–ग्राइंडर, गैस का चूल्हा एवं अटैची इत्यादि सभी चीजें प्रदान की गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री संजय निषाद जी रहे। विशिष्ट अतिथि में मुरादाबाद के एसएसपी श्री हेमराज मीणा जी, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी जी, श्री राजेश रस्तोगी, जी श्री करण सिंह जी, श्री मनोज आहूजा जी, श्री राजेश अग्रवाल जी, श्री नलिन गुप्ता जी, श्री अजय नारंग जी, श्री राहुल गुप्ता जी, श्री के के मिश्रा जी, श्री धर्मेंद्र मिश्रा जी, श्री प्रदीप शर्मा जी, श्री पीयूष अग्रवाल जी आदि गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

●●●

## चाहत

*चाय के जैसी है चाहत तुम सबसे,*
*ना मिले तो सर दर्द सा लगता है।*
*दूर–दूर रहते हैं हमारे सब रफ़ीक़ तो क्या हुआ?*
*दुआ सलाम ना हो तो, कुछ खोने लगता है।*
*कभी इस बात पे, तो कभी हालात पे,*
*ना ज़ाहिर हो तवज्जो, तो दिल गुम होने लगता है।*
*जागता है देर रात कोई, तो कोई जल्दी सोने लगता है।*
*पूछता है ख़ैर सबकी, तो कोई आप ही में खोने लगता है।*
*एक मैं हूँ दीवाने की तरहा,*
*एक वो है जो ख़्वाब संजोने लगता है।*
*दास्तानें तो उनकी हैं तारीफ़ के लायक,*
*जो मैं कहूँ तो नज़रें चुराने लगता है।*
*ख़ैर ये तो बातें हैं, होती ही रहेंगी।*
*बुरा लगता है जब ग्रुप में कोई भुलाने लगता है।।*
*चाय सी चाहत है तुम सबसे,*
*ना मिले तो सर दर्द सा होने लगता है।।*



**टेकचन्द शर्मा**
**'नादान'**

## पानी बचाओ





## नि:शुल्क ट्यूशन सेन्टर का उद्घाटन









## विश्व गौरैया दिवस





## मकर संक्रान्ति उत्सव





# कम्बल वितरण कार्यक्रम















## वृद्धाश्रम में शॉल एवं मिठाई वितरण





> जो तुम सोचते हो वो हो जाओगे यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तुम कमजोर हो जाओगे, अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तुम ताकतवर हो जाओगे।
>
> – स्वामी विवेकानंद

# सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम











## दीपावाली उत्सव






## योग शिविर





## पृथ्वी दिवस









## आदर्श कला संगम द्वारा संस्था का सम्मान





## बाल दिवस के शुभ अवसर पर संस्था द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर के छात्रों को जैकेट वितरण





*With Best Compliments From :*

# SHREE MUKUT AUTOMOBILES

इंडियनऑयल

IndianOil

**DEALER :**
**I.O.C CO. LTD.**



Courtesy by :
**Prm Jeet Singh**
LLB

**OPP. AKBAR KILLA, KANTH ROAD, MORADABAD-244 001**
**Phone (Pump) : 0591-2454807 Mobile : 98370 83500, 87793 93173**

## पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते हुए






## यह सिलाई सेंटर का उद्घाटन








# संस्था द्वारा आयोजित वैवाहिक समारोह के विषय में देश के गणमान्य एवं विशिष्ट हस्तियों के उद्गार

**माननीय श्री ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
(उत्तर प्रदेश सरकार)




25 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में माननीय बृजेश पाठक जी उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होंने ट्रस्ट द्वारा आयोजित कराई गई शादी में भाग लेने वाली 11 बेटियों के लिए उनके सुखी दांपत्य जीवन की प्रार्थना करते हुए यह कहा कि सरकार उनके साथ है हम उनके साथ हैं। ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस नेक कार्य के लिए मैं अपनी तरफ से और सरकार की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ, और उनके ग्यारह बेटियों के सुखी दांपत्य जीवन की कामना करता हूँ।

**डॉ० संजय निषाद**
कैबिनेट मंत्री,
(उत्तर प्रदेश सरकार)



डॉ० संजय निषाद कैबिनेट मंत्री, (उत्तर प्रदेश सरकार) ने भी 'आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को बड़ा भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे इस वैवाहिक समारोह में शामिल होने का मौका मिला। और मैं निश्चित तौर पर इसमें उपस्थित रहूँगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में हम सभी को मिलकर ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जिससे हमारा समाज और हमारा देश दोनों प्रगति पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मैं ट्रस्ट के साथ–साथ उन 11 बच्चियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

**श्री राजा बुंदेला**
दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री



दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं टीवी एक्टर श्री राजा बुंदेला जी ने भी 25 नवंबर को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट जिस लगन और समर्पण भाव से सामाजिक कार्य कर रहा है, अगर इसमें हम सब अपनी थोड़ी–थोड़ी सहभागिता दें तो निश्चित तौर पर एक दिन यह एक नया मुकाम हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि हम सबको "मैं" से बाहर निकलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने उन 11 बच्चियों के लिए भी अपनी शुभकामनाएं भेजी तथा उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना भी की साथ ही साथ उन्होंने सब से अपील की कि आप लोग ना सिर्फ इस कार्यक्रम में शामिल हो बल्कि यथासंभव सहयोग करें।

**श्री शिव प्रताप शुक्ला**
पूर्व, केंद्रीय राज्य मंत्री



25 नवंबर को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए माननीय श्री शिव प्रताप शुक्ला जी, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जी ने भी अपनी शुभकामनाएं ट्रस्ट को भेजी। उन्होंने कहा कि मैं 'आओ हाथ बढ़ाएं, एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट)' के सामाजिक कार्यों में उनकी हिस्सेदारी के लिए उन्हें बधाई देता हूँ और इस बात की सराहना करता हूँ कि बहुत कम समय में संस्था ने समाज के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने सामूहिक विवाह में भाग ले रही उन ग्यारह बच्चियों के लिए भी अपनी शुभकामनाएं भेजी, और उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की।

# संस्था द्वारा आयोजित वैवाहिक समारोह के विषय में देश के गणमान्य एवं विशिष्ट हस्तियों के उद्गार

**श्री रवि किशन शुक्ल**
सांसद, गोरखपुर एवं
वॉलीवुड एक्टर



25 नवंबर को आयोजित सामूहिक विवाह में आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बॉलीवुड एक्टर और सांसद गोरखपुर श्री रवि किशन शुक्ल ने कहा कि मैं ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे तमाम सामाजिक कार्यों के लिए ट्रस्ट की सराहना करता हूँ। समाज में हम सबको मिलकर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने सामूहिक विवाह में हिस्सा लेने वाली उन 11 बेटियों के सुखी दांपत्य जीवन की कामना भी की।

**श्रीमति सुनीता अरणप्पा**
महापौर
शिवगंगा, कर्नाटक



इसी क्रम में कर्नाटक के शिवगंगा शहर की महापौर सुनीता अरणप्पा जी ने 25 नवंबर को मुरादाबाद में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के लिए शुभकामनाएं भेजी हैं। सुनीता जी ने कहा कि मैं ट्रस्ट के इन कार्यों से बहुत प्रभावित हूँ। हम सबको इस से सीख लेनी चाहिए और समाज में दबे कुचले लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं भेजी तथा साथ ही साथ इस सामूहिक विवाह में हिस्सा ले रही 11 लड़कियों के सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए प्रार्थना भी की।

**थिरिंग पॉलडेन भूटिया**
डिप्टी मेयर
गंगतोक



'आओ हाथ बढाएं–एक पहल पहल की' द्वारा 25 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह समारोह की ख्याति सिक्किम तक पहुँच चुकी है। गंगतोक की डिप्टी मेयर थिरिंग पॉलडेन भूटिया ने वहाँ से शुभकामना संदेश भेजा है। उन्होंने 'आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट' को बधाई देते हुए कहा है कि मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि यह ट्रस्ट इस तरीके के सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सबको इस इन सब चीजों से सीख लेनी चाहिए अगर हम थोड़ा थोड़ा सा प्रयास करें तो हम इस समाज को एक बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं।

**श्री अन्नू अवस्थी**
मिमिकरी आर्टिस्ट



मशहूर मिमिकरी आर्टिस्ट एवं टीवी कलाकार श्री अन्नू अवस्थी जी ने भी सामूहिक विवाह समारोह हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही साथ उन्होंने आम जनता से भी अपील की थी कि वो भी ऐसे सराहनीय कार्यों में अपनी सहभागिता यथा संभव जरूर निभाए। उन्होंने ट्रस्ट के सभी सदस्यों को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी और सामूहिक विवाह में हिस्सेदारी कर रही 11 बेटियों के सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की।

# भव्य सामूहिक विवाह की झलकियाँ





























# आशीर्वचन

## लाल मणि त्रिपाठी

मैनेजर, गीता प्रेस गोरखपुर



'आओ हाथ बढ़ाएं' (एक पहल मदद की) चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मैं समस्त गीताप्रेस परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। इस एक वर्ष में इस ट्रस्ट ने अनेक सामाजिक कार्यों में अपनी बड़ी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के विवाह तक का सफर बहुत ही सफलता पूर्वक पूर्ण किया है।

मैं ट्रस्ट के उज्जव भविष्य की कामना करता हूँ और ट्रस्ट से जुड़े सभी सम्मानित सदस्यों को अपनी ओर से शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

***– लाल मणि त्रिपाठी***

# आशीर्वचन

## प्रदीप शर्मा

संचालक



***''आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की)''*** चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था मुरादाबाद शहर के साथ–साथ बाकी अन्य शहरों में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। बहुत कम समय में इस ट्रस्ट ने अपने समर्पण भाव से सामाजिक क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय योगदान दिया है। इस ट्रस्ट द्वारा बच्चों की पढ़ाई, लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी कराने तक की जिम्मेदारी निभाई जाती है।

इस ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस पर मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूँ तथा इसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

– **प्रदीप शर्मा**, संचालक

# आशीर्वचन



## डॉ० पल्लव अग्रवाल

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ

जीवन में अपने से बढ़कर दूसरों की सहायता एवं दीन–दुखियों के प्रति सहायता का भाव होना अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि असहाय की सहायता करना एक पुनीत कार्य है। ''आओ हाथ बढ़ाए'' संस्था अपने नाम के अनुरूप सदैव दीन–दुखियों की सेवा एवं मदद करती रहती है। मैं स्वयं भी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर यह देख चुका हूँ।

आप सदैव ऐसे ही अपने कार्यों से हमारे समाज की सेवा करते रहें....यही आशा और विश्वास के साथ आपको मेरी ओर से शुभ मंगलकामनायें।

***– डॉ० पल्लव अग्रवाल***

# आशीर्वचन



## के.के. मिश्रा

**डायरेक्टर,**
**कोठीवाल डेंटल एवं रिसर्च सेन्टर, मुरादाबाद**

**आओ हाथ बढ़ाऐं (एक पहल मदद की)** चैरिटेबल ट्रस्ट सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ये ट्रस्ट अनके क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। इस ट्रस्ट के द्वारा एक निशुल्क सिलाई सेंटर चलाया जा रहा है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को ना सिर्फ सिलाई सिखाई जी रही है वरन् उन्हें सिलाई मशीन देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। साथ ही साथ आर्थिक रूप से कमजोर घरों के वे बच्चे जो पढ़ना चाहते हैं लेकिन सुविधा ना मिल पाने की वजह से आगे पढ़ नहीं पाते, उनकी शिक्षा में भी सहयोग प्रदान कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की शादी भी इस ट्रस्ट के द्वारा कराई जाती है। मैं इसके प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और इस ट्रस्ट के और इसके सभी सहयोगियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

***– के.के. मिश्रा***



# ANGEL SALON™
UNISEX

A UNIT OF ANGELZONE BEAUTY (Pvt.) LTD.

**1, RAM GANGA VIHAR, PHASE-II,**
**NEAR SALES TAX OFFICE, MORADABAD.**
Phone : 0591-2970481, 8193818881, 8193828881

**MORADABAD** : **B-56, Gandhi Nagar,**
**Opp. Raja Ram Dharamshala, Moradabad.**
Phone : 0591-2492381, 8193808881

**Delhi Road, 1st Flor, Tulip Building,**
**Opp. Parsvanath Plaza, Moradabad.**
Phone : 9068238881, 9068338881, 9967913103

**RAMPUR** : 8193868881, 8193878881
**BAREILLY** : 8193838881, 8193858881
**BIJNOR** : 8193848881, 8193858881

**www.angelsalon.co.in**
**www.facbook.com/peges/ANGEL-SALON**

*With Best Compliments From :*

# BALAJI PACKERS

Manufacturer & Suppliers

## PACKAGING MATERIAL

ADDRESS :
NEAR MAJHOLI CHOURAHA
OPP. DYANAMIC COLLECTION, DELHI ROAD,
MORADABAD - 244 001



*Courtesy by*

## Kapil Chhabra

**Mobile : +91-9927-033-359**
**E-mail : chhabra33359@gmail.com**